आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–21 अगस्त 2024 **सान्ध्य समाचार**

अस्ट्रेलिया की उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने अपने देश के एक प्रतिनिधिमण्डल के साथ आज लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमण्डल ने मुख्यमंत्री से कृषि और सहायक सेक्टर मे निवेश पर चर्चा की। उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बहुत संभावनाएं है और आस्ट्रेलिया की कंपनियां इन संभावनाओं को विस्तार देने के लिए उत्साहित हैं। बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का किसान परिश्रमी और नवाचारों को अपनाने वाला है ऐसे में यदि आस्ट्रेलिया की कृषि तकनीक का साथ इन किसानों को मिलेगा तो निश्चित रूप से प्रदेश में कृषि, उद्यान, डेयरी और खाद्य प्रसंसकरण सेक्टर को बड़ा लाभ मिलेगा।

****

सर्वोच्च न्यायालय के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण पर हाल के फैसले के विरोध में हुए प्रदर्शन का मिला–जुला असर देखने को मिला। बस्ती जिले में बसपा–सपा और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति शान्तिपूर्ण ढंग से बंद को सफल बनाने की कोशिश की। सहारनपुर में बसपा सहित कई संगठनों ने बंद को सफल बनाने का प्रयास किया। जौनपुर में कांग्रेस, सपा और बसपा के साथ कई संगठनों ने भारत बंद के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया। कौशाम्बी जिलें में शान्ति के माहौल में भारत बंद कराने का प्रयास देखा गया। हापुड, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, आगरा, बदायूं, चित्रकूट आदि शहरों में भी भारत बंद को लेकर प्रदर्शन की खबर है। कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन को अपनी मांग का ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान प्रदेश के लगभग सभी जिलों में भारत बंद के आहवान के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

****

यूपी पुलिस कांन्सटेबल परीक्षा को शुचिता के साथ संपन्न कराने की शासन प्रशासन ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। आगामी तेइस, चौबीस, पच्चीस, तीस और इकत्तीस अगस्त को आयोजित होने वाली इस परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र यूपी पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिये गये हैं। अभ्यर्थियों को अतिशीघ्र प्रवेश पत्र डाउनलोड करने का सुझाव दिया गया है। परीक्षा को लेकर सतर्कता बरतते हुए कई जिलों में पुलिस अधिकारियों ने निर्धारित परीक्षा केन्द्रों की सघन जांच की। चित्रकूट में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सघन चेकिंग की गयी। वाराणसी में परीक्षा को सकुसल संपन्न कराने के लिए लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

****

राज्य के लगभग सभी जिलों में बीते दो दिन से रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। वर्षा के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में हुयी बारिश से किसानो की फसल को काफी लाभ पहुंचा है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश जिलों में अगले दो दिन तक रूक–रूक कर गरज–चमक के साथ वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। उधर कई नदियों के जलस्तर में बढ़ोत्तरी भी शुरू हो गयी है। वाराणसी में गंगा नदी के कई घाट जलमग्न हो गये हैं। वहां के जिला प्रशासन ने गंगा नदी के किनारे रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। पीलीभीत में बनबसा बैराज से एक लाख तैंतीस हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने से शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नेपाल की काली नदी और शारदा की सहायक नदियां भी खतरे के निशान से उपर बह रही हैं। बनबसा बैराज से अगले एक से दो दिन में ढाई से तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की चेतावनी जारी करते हुए जिला प्रशासन ने तटीय इलाकों में रह रहे लोगों को सतर्क किया है। उधर बस्ती जिले में घाघरा नदी के कटान से सदर तहसील के एक दर्जन गांवों पर अस्तीत्व का खतरा मडराने लगा है। कटान तेजी से बढ़ने के कारण आसपास के लोग मकानों को तोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे हैं।

****

इस वर्ष श्रावण मास में वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में तिरपन लाख चौरासी हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजरी लगाई। काशी विश्वनाथ ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं के आने का आंकड़ा जारी करते हुए यह जानकारी दी है। ट्रस्ट ने बताया है कि इस बार श्रावण मास में पांच सोमवार थे हर सोमवार को विशेश्वर का श्रृगांर अलग–अलग स्वरूपों में किया गया। श्रावण पूर्णिमा और सावन के अंतिम सोमवार को बाबा विश्वनाथ का विशेष श्रृंगार किया गया। पांचवे सोमवार को एक लाख चौसठ हजार से ज्यादा लोगों ने बाबा के दर्शन किये। ट्रस्ट ने बताया कि काशी विश्वनाथ कॉरीडोर बनने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ी है।

****

इटावा जिले के इकदिल क्षेत्र में आगरा–कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज सुबह एक चार पहिया वाहन के सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा जाने के कारण वाहन में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

****